# आकाशवाणी शिमला

## 02.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल आठ विभागों के 66 प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (केपीआई) की प्रगति व प्रदर्शन की निगरानी के लिए सीएम डैशबोर्ड का शुभारम्भ किया। इसे डिजिटल प्रौद्योगिकी व गवर्नेंस विभाग द्वारा विकसित किया गया है। केपीआई से विभिन्न विभागों के लाभार्थियों की सटीक जानकारी एक मंच पर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से इस डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की निगरानी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के इस कदम से शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी तथा डेटा एकत्रिकरण और विश्लेषण सुव्यवस्थित होगा। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड में इन विभागों के 11 लाख से अधिक लाभार्थियों का डेटा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी विभागों को सीएम डैशबोर्ड के दायरे में लाया जाएगा तथा केपीआई की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

....

देश के सकल वस्तु व सेवा कर, जीएसटी, संग्रहण इस वर्ष फरवरी में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 9 दशमलव एक प्रतिशत बढ़कर एक लाख 84 हजार करोड़ रुपये हो गया। फरवरी लगातार 12वां महीना है जब एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक जीएसटी का संग्रहण हुआ है। आंकड़ों के अनुसार, केंद्रीय जीएसटी से 35 हजार 204 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी से 43 हजार 704 करोड़ रुपये, एकीकृत जीएसटी से 90 हजार 870 करोड़ रुपये और मुआवजा उपकर से 13 हजार 868 करोड़ रुपये प्राप्त हुये। फरवरी के दौरान 20 हजार 889 करोड़ रुपये का रिफंड हुआ। रिफंड में छूट के बाद फरवरी में शुद्ध जीएसटी संग्रह 8 दशमलव एक प्रतिशत बढ़कर लगभग एक लाख 63 हजार करोड़ रुपये हो गया।

....

चंबा जिला में पटवारी व कानूनगो राज्य केडर की अधिसूचना को रद्द करने की मांग को लेकर संघर्षरत हैं। जिला में करीब 400 पटवारी व कानूनगो हड़ताल पर हैं जिससे पटवारखाने खाली हो गए हैं और लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि हड़ताल पर बैठे पटवारी कानूनगो से बात की जाएगी कि बारिश से प्रभावित इलाकों के रिलीफ के मामले लंबित न किए जाएं।

....

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज एक दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली जाएंगे। मुख्यमंत्री पार्टी हाईकमान और केंद्रीय नेताओं से भेंट कर विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श करेंगे।

....

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। किन्नौर, चंबा तथा कुल्लू में भी आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि पिछले दिनों हुई भारी बारिश, बर्फबारी व भूस्खलन से प्रभावित जनजीवन धीरे–धीरे पटरी पर लौट रहा है। प्रदेश में अभी भी चार राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित चार सौ 80 सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं जिन्हें खोलने का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा बिजली के लगभग दो हजार ट्रांसफार्मर और पानी की चार सौ से अधिक योजनाएं ठप्प हैं। कुल्लू ज़िला में बंद पड़ी सड़कों को खोलने का कार्य प्रगति पर है।

उधर जनजातीय जिला किन्नौर में भी एनएच–5 अभी भी बाधित है। प्रशासन द्वारा विद्युत व पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

**अधिक ब्यौरे के साथ किन्नौर से हमारी संवादाता की ये रिपोर्ट.....**मौसम विभाग ने 3 मार्च को कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा व बर्फबारी का ऑरेंज अर्लट जारी किया गया है।